कार्यालय– निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा/माध्य/मा–ब/22803/SAT-19/2018–19/ दिनांक : 26.09.19

स्मरण–पत्र

1– समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान

2– समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन ब्लॉक परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान

विषय :– राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान–2019 के अंतर्गत 02 अक्टुबर 2019 को ब्लॉक एवं जिला स्तर पर आयोज्य शिक्षक सम्मान समारोह के संबंध में दिशा–निर्देश।

प्रसंग :– इस कार्यालय का पत्रांक शिविरा/माध्य/मा–ब/22803/SAT-19/2018–19 दिनांक 13.09.19

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि शासन द्वारा इस वर्ष 2019 में शिक्षक सम्मान की संख्या कक्षा श्रेणी कक्षा 1 से 5, कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 प्रत्येक श्रेणी में एक–एक राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित किया जाना है। जिला एवं ब्लॉक स्तर पर शिक्षक सम्मान समारोह दिनांक 02 अक्टुबर 2019 को महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर आयोजित किया जाना है। उल्लेखित कक्षा श्रेणी में प्रत्येक वर्ग के जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों की सूची आपको भेजी जा चुकी है, जो कि शाला दर्पण के स्टॉफ कार्नर में शिक्षक सम्मान आईकॉन पर उपलब्ध है।

इस संबंध में प्रासंगिक पत्र द्वारा समारोह के नॉडल अधिकारी एवं संभागीय संयुक्त निदेशक जयपुर संभाग द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह हेतु आयोजन राशि तथा जिले एवं संबंधित जिले के ब्लॉक पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों की संख्या के अनुरूप सम्मान राशि संबंधित जिले के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला परियोजना समन्वयक के खाते में भेजने के निर्देश दिए गए थे। संभागीय संयुक्त निदेशक जयपुर द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि में से जिला स्तरीय आयोजन हेतु निर्धारित राशि एवं शिक्षक सम्मान हेतु निर्धारित राशि के अलावा शेष राशि ब्लॉक स्तरीय आयोजन हेतु मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को स्थानान्तरित करनी है, उसे स्थानान्तरित करते हुए नोडल अधिकारी एवं इस कार्यालय को सूचित करें।

उपर्युक्त राशि के समुचित व्यय उपरांत जिले क्षेत्राधिकार से उपयोगिता प्रमाण पत्र संकलित कर संभागीय संयुक्त निदेशक जयपुर संभाग को भेजे, जिससे राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मण्डल व शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, जयपुर को भिजवाना सुनिश्चित किया जा सके।

(नथमल डिडेल)
आई ए एस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि : 1. संभागीय संयुक्त निदेशक, (स्कूल शिक्षा) जयपुर संभाग, जयपुर को सूचनार्थ।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

Rajteachers.in